भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2935
10 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

रक्षा विमानपत्तनों का उपयोग

2935. श्री हसनैन मसूदीः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत जम्मू और कश्मीर में कुल कितने विमानपत्तन/हवाई क्षेत्र है;

(ख) मंत्रालय द्वारा नागरिक विमान यातायात हेतु अंवतीपोरा विमानपत्तन को नागर विमानन मंत्रालय में अंतरित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) मंत्रालय द्वारा ठंड के दौरान सुदूर क्षेत्रों/पहाड़ी क्षेत्रों/बर्फ आच्छादित क्षेत्रों तक हवाई यात्रा के लिए नागरिकों को प्रदान की गई सुविधाओं का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) जम्मू और कश्मीर में रक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 07 हवाई क्षेत्र और 02 एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउण्ड हैं ।

(ख) रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के अंतर्गत जून, 2019 में अंवतीपोरा हवाई क्षेत्र से सिविल फ्लाइट आपरेशंस के लिए ' सिद्धांत रूप में अनुमोदन ' दिया गया है ।

(ग) ठंड के दौरान भारतीय वायु सेना की परिसंपत्तियों का प्रयोग करके मामला-दर-मामला आधार पर सुदूर क्षेत्रों/पहाड़ी क्षेत्रों/बर्फ आच्छादित क्षेत्रों में नागरिकों को एअरलिफ्ट और कैजुअल्टी एवेकुएशन उपलब्ध कराए जाते हैं ।

****